"33"
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार
****

'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली, कार्तिक 22, 1945
सोमवार, नवंबर 13, 2023

रक्षा मंत्री ने ब्रिटेन के रक्षा राज्य सचिव के साथ टेलीफोन पर की बातचीत

हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए रक्षा और सुरक्षा मुद्दों पर हुई चर्चा

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 13 नवंबर, 2023 को ब्रिटेन के रक्षा राज्य सचिव श्री ग्रांट शैप्स के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों मंत्रियों ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र पर विशेष जोर देते हुए कई रक्षा और सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने वर्तमान में चल रहे कार्यों की संक्षिप्त समीक्षा की और नए क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर भी चर्चा हुई।

दोनों मंत्रियों ने घनिष्ठ रक्षा संबंधों को विकसित करने के तरीकों और साधनों का अन्वेषण किया। श्री ग्रांट शैप्स ने रक्षा मंत्री को निकट भविष्य में ब्रिटेन की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया। रक्षा मंत्री ने श्री शैप्स को रक्षा राज्य सचिव के रूप में उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

एबीबी/एसएस